उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में लॉन्च होगा सामुदायकि रेडियो स्टेशन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में संस्कृत विभाग ने बताया कि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में 'जय घोष' नामक सामुदायकि रेडियो स्टेशन लॉन्च किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- इस रेडियो स्टेशन का उद्देश्य उत्तर प्रदेश की अनूठी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखना, बढ़ावा देना और लोकप्रिय बनाना है।
- संस्कृत विभाग अमृत महोत्सव के अवसर पर राज्य के 75 ज़िलों के समृद्ध इतिहास को दर्शाने वाली 75 पुस्तकों का प्रकाशन के साथ देशभक्ति पर आधारित 75 लघु फिल्मों का निर्माण और प्रदर्शन भी करेगा।
- इसके अतिरिक्त संस्कृत विभाग द्वारा अपनी छह महीने की कार्ययोजना के तहत हर ज़िले में 'एक ज़िला-एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम' आयोजित करने की योजना है।
- साथ ही सरकारी अभिलेखागार, लखनऊ में स्वतंत्रता की गाथा पर आधारित एक गैलरी के निर्माण के साथ संत कबीर, संत रविदास और बाबा गोरखनाथ को समर्पित एक 'त्रिधारा' राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/community-radio-station-to-be-launched-in-uttar-pradesh-sangeet-natak-akademi